## बिहार सरकार

## लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

### अधिसूचना

संख्या-5/वि०का०2-103/2025- 1385 पटना, दिनांक- 03/07/26

संयुक्त निदेशक, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक-1753, दिनांक-23.05.2026 द्वारा सूचित किया गया कि श्री उमेश कुमार सिंह, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता(यांत्रिक) (नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना में प्रतिनियुक्त) सम्प्रति अधीक्षण अभियंता के तकनीकी सलाहकार, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण यांत्रिक अंचल, पटना के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988(यथा-संशोधित 2018) की धारा 7, 7A, 8 11, 12, 13(1)(b) r/w 13(2) के तहत विशेष निगरानी इकाई, पटना में प्राथमिकी संख्या-13/2026, दिनांक-09.04.2026 दर्ज की गयी है।

***02.*** पुलिस उपाधीक्षक, विशेष निगरानी इकाई, पटना के पत्रांक-1466, दिनांक-02.07.2026 द्वारा सूचित किया गया है कि विशेष निगरानी इकाई थाना काण्ड संख्या-05/2025, दिनांक-30.04.2025 के अभियुक्त श्री सिंह दिनांक-10.06.2026 से न्यायिक अभिरक्षा में आदर्श केन्द्रीय कारा, बेऊर, पटना में कारानिरूद्ध हैं तथा उनके विरूद्ध आरोप पत्र संख्या-17/2026, दिनांक-23.06.2026 माननीय निगरानी न्यायालय, पटना में समर्पित किया जा चुका है।

***03.*** श्री उमेश कुमार सिंह, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता(यांत्रिक) (नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना में प्रतिनियुक्त) सम्प्रति आदर्श केन्द्रीय कारा, बेऊर, पटना में कारानिरूद्ध को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम-9(1)(ग) एवं नियम-9(2)(क) के तहत कारानिरूद्ध की तिथि दिनांक-10.06.2026 से निलंबित किया जाता है।

***04.*** निलंबन के दौरान श्री सिंह को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम-10(1) के अन्तर्गत अनुमान्य जीवन-निर्वाह भत्ता देय होगा।

***05.*** प्रस्ताव पर सक्षम अनुशासनिक प्राधिकार माननीय विभागीय मंत्री का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

03/07/2026

(अरविन्द कुमार)

अपर सचिव

ज्ञापांक–5/वि०का०2–103/2025– 1386 पटना, दिनांक– 03/7/26

प्रतिलिपिः–वित्त(वै.दा.नि.को.) विभाग, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, जिला कोषागार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

03/07/2026

(अरविन्द कुमार)

अपर सचिव

ज्ञापांक–5/वि०का०2–103/2025– 1386 पटना, दिनांक– 03/7/26

प्रतिलिपिः–माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव/मुख्य अभियंता(यांत्रिक)/अधीक्षण अभियंता(यांत्रिक), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण यांत्रिक अंचल, पटना/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–01, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/श्री उमेश कुमार सिंह, तत्कालीन अधीक्षण अभियंता(यांत्रिक) के तकनीकी सलाहकार, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण यांत्रिक अंचल, पटना सम्प्रति कारा अभिरक्षा, आदर्श केन्द्रीय कारा, बेऊर, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

03/07/2026

(अरविन्द कुमार)

अपर सचिव

ज्ञापांक–5/वि०का०2–103/2025– 1386 पटना, दिनांक– 03/7/26

प्रतिलिपिः–कारा अधीक्षक, आदर्श केन्द्रीय कारा, बेऊर, पटना/पुलिस उपाधीक्षक, विशेष निगरानी इकाई, पटना/संयुक्त निदेशक, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2357, दिनांक–23.06.2026 के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

03/07/2026

(अरविन्द कुमार)

अपर सचिव